हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# अंतिम तीन दिन: सीएम साय की आज चार सभाएं, पूर्व सीएम करेंगे 40 गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 24 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का शोरगुल थमने के पहले भाजपा और कांग्रेस ने अब प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सभाओ के बाद अगले तीन दिनों में अब डोर-टू-डोर जनसंपर्क को तेज किए जाने की रणनीति है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल 22 अप्रैल को मानपुर में सभा को संबोधित करने के बाद राजनांदगांव शहर के श्रमिक बाहुल्य इलाकों में चार सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल कल रिकार्डतोड़ 40 गांवों में दौरा कर लोगों से सीधे संवाद की स्थिति निर्मित करेंगे।

लोकसभा चुनाव का शोरगुल थमने में अब सिर्फ तीन दिन शेष रह गए हैं। भाजपा और कांग्रेस ने आगामी तीन दिनों के लिए तगड़ी रणनीति तैयार की है। मतदाताओं से सीधे संवाद की स्थिति निर्मित करने के लिए फोन काल की शुरूआत की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया में भी प्रचार तेज कर दिया गया है। इधर कल 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनांदगांव विधानसभा के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पहले मानपुर में भी उनकी सभा आहूत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शाम 5 बजे नंदई में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता बाईक रैली के माध्यम से श्री साय का भावभीना स्वागत करेंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे लखोली, शाम 7 बजे चिखली एवं रात्रि 8 बजे मोतीपुर पहुंचकर जनसंपर्क करते चुनावी सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जीत दिलाने का आह्वान आमजनों से करेंगे।

## 24 अप्रैल की शाम थम जाएगा प्रचार का शोरगुल, उससे पहले दोनों दलों ने झोंकी ताकत

### दस घंटे में 40 गांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल इस चुनाव में अपने दौरे का भी रिकार्ड बना रहे हैं। वे पिछले 15 दिनों से हर दिन 25 से 30 गांवों का दौरा कर रहे हैं। वहीं कल 22 अप्रैल को वे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 40 गांव पहुंचेंगे। सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक वे ग्रामीण इलाकों में वोटरों को साधने का प्रयास करेंगे।



### वनांचल पर नजर

भाजपा ने वनांचल इलाके को साधने की दिशा में तगड़ी रणनीति तैयार की है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री श्री साय कल मानपुर में सभा को संबोधित करेंगे। दूसरे दिन 23 अप्रैल को मंत्री केदार कश्यप पाड़ादाह, औंधी, गोटाटोला में सभाओं को संबोधित कर आदिवासी मतदाताओं से सीधे मुलाकात करेंगे। भाजपा के कुछ आदिवासी नेता भी वनांचल पहुंच गए हैं।

### भूपेश के प्रचार में आएंगे सांसद शुक्ला

कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने के लिए कल 22 अप्रैल को राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला आएंगे। वे दोपहर तीन बजे रायपुर पहुंचेगे और पीसीसी दफ्तर में बैठक के बाद वे शाम को राजनांदगांव आएंगे और रात आठ बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## ताला तोड़कर आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी रकम एवं सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जलाबांधा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोथी के एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी व पेटी में रखे सोने का 5 पत्ती कान का एक जोड़ा टाप्स, चांदी की बिछिया, करधन सहित नगदी रकम 50 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### माए एंगल




## आतंकवाद और घोटाले का नाम कांग्रेस, बनेगी मोदी सरकार: योगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए प्रचार करने लोकसभा के कुमरदा पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद और नक्सलवाद का नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहां लोगों को बांटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए।

राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल को घेरते हुए योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारा है। यानी जिनके ऊपर पहले से ही शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, डीएमएफ, गौठान और महादेव एप के घोटालों का आरोप है और फिर भी पूरी ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है, इसका मतलब यह है कि वह यह मानकर चलता है कि हम कितना भी बड़ा अपराध करेंगे तो हम लोग समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता पा लेंगे, लेकिन, अब ऐसा नहीं होने वाला है।




**पीएम मोदी के कारण बन पाया आयोध्या में राम मंदिर:** मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके प्रभु श्रीरामलला का फिर से अयोध्या में आगमन हुआ है। क्या यह काम कांग्रेस के लोग कर पाते ? आज अगर फिर से रामलला 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या आए हैं तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण आए हैं। कांग्रेस के लोग तो कहते थे कि राम हुए ही नहीं, जब राम हुए ही नहीं तो गांधी क्यों कहते थे हे राम, अंत में उन्होंने कहा था रघुपति राघव राजा राम।

**कांग्रेस समस्या, भाजपा उसका समाधान:** कांग्रेस गरीबों को फ्री में राशन नहीं देती, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं करती, नक्सलवाद की समस्या का समाधान नहीं करती, कांग्रेस लोगों को सुरक्षा नहीं देती, कांग्रेस सिर्फ समस्या देती है और भाजपा समाधन का नाम है। मोदी को आपने दो कार्यकाल दिए हैं, तीसरा कार्यकाल भी उन्हें आप दें, यही निवेदन करने हम आपके पास पहुंच रहे हैं।

### पीएम ने ऐतिहासिक कार्य किए : शर्मा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश में सरकार बनाने के लिए 272 सांसदों की आवश्यकता होती है और कांग्रेस पार्टी लगभग सवा दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस सरकार कैसे बनाएगी और अब जिनकी सरकार नहीं बनेगी, उनके घोषणा पत्र का भी क्या महत्व है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किए हैं। यूक्रेन और रूस के युद्ध में फंसे भारतीय छात्रों को सकुशल भारत लाने का काम मोदी की सरकार ने किया।

### नांदगांव लोकसभा रिकॉर्ड बनाए : पांडे

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने कहा कि आज पूरा देश मोदी को प्रधानमंत्री बनाने अपना योगदान दे रहा है। राजनांदगांव लोकसभा भी इसमें अधिकतम वोट मोदी को देकर रिकॉर्ड कायम करे। श्री पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जो कम समय में काम किया है, वह ऐतिहासिक है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के शासनकाल के घपलों-घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि किस प्रकार से छत्तीसगढ़ में इन्होंने सत्ता के नाम पर डकैती डाली।

## देश के प्रधानमंत्री बेरोजगारी व महंगाई को लेकर फेल: प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल का प्रचार करने के लिए लोस क्षेत्र के डोंगरगांव स्थित मोहड़ ग्राम पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रियंका ने सवाल उठाते कहा कि भाजपा के नेता पीएम मोदी को विश्व का सबसे ताकतवार नेता बताते हैं, फिर ये ताकतवार नेता देश में बेरोजगारी और महंगाई क्यों कम नहीं कर पाए? उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार केंद्र में बनने पर वे संविधान बदलने की बात करते हैं। उन्होंने प्रदेश की साय सरकार को भी पिछले कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने पर घेरा।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसान, मजदूर, महिलाएं, युवाओं से लेकर हर वर्ग के लिए सरकार ने योजनाएं संचालित की, लेकिन अब भाजपा की साय सरकार उन जनहितैषी योजनाओं को बंद कर जनता के साथ धोखा कर रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि इस देश के प्रधानमंत्री मंच पर आते हैं, लेकिन कभी गरीब के घर नहीं आते। लोगों के बीच जाने से बचते हैं, वे यह नहीं देखते कि इतनी महंगाई में आप कैसे बच्चों को पढ़ा रहे हैं, कैसे अपना घर चला रहे हैं। आज देश में महिलाओं के साथ जहां-जहां अत्याचार हुआ, उन्हें बचाने का काम भाजपा ने किया।



### भाजपा ने ठगने का काम किया: भूपेश

भाजपा ने जनता को ठगने का काम किया है, चाहे डॉ. रमन सिंह सीएम रहे हों या फिर अब विष्णुदेव साय हो। तत्कालीन रमन सरकार ने किसानों को झूठा वादा कर ठगा, 2 साल बोनस दिया, फिर तीन साल कोन हस, का काम किया। अब साय सरकार ने किसानों की लिमिट कम करने का काम किया है। महतारी योजना में भी सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिला, बुजुर्ग महिलाओं का 500 काट दिया गया। हमने 35 किलो चावल दिया, इन्होंने उसमें भी कांटा मार दिया। 18 लाख आवास, चार सौ में सिलेंडर का झूठा वादा, गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट, गौठान, राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता साय-साय बंद हो गया है।

### हम देंगे 1 लाख रुपए, उसमें आएगा पूरा बंपर : लखमा

मोहड़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे कांग्रेसी नेता कवासी लखमा ने मंच से संबोधित करते कहा कि भाजपा के लोग महिलाओं को एक हजार रुपए दे रही है। इसमें गुड़ाखू और चेपटी तक नहीं आएगा। हम केंद्र में सरकार बनने के बाद सालाना एक लाख रुपए देंगे। जिसमें बंपर आ जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चुनाव में बकरा और दारू बाटेंगे तो आप लोग ले लेना, लेकिन वोट कांग्रेस को ही देना।

### बढ़ रही बेरोजगारी

बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए प्रियंका ने कहा कि भाजपा के लोग पांच किलो राशन देकर महंगाई और रोजगार की बात से दूर भागते हैं। वे लोग कभी महंगाई कम करने की बात नहीं करते, रोजगार देने की बात नहीं करते। छत्तीसगढ़ में हमने अपनी सरकार के दौरान आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोले और मुफ्त में बेहतर शिक्षा दी, लेकिन आज उन्हीं स्कूल के लिए फीस ली जा रही है।

**घर चलाना हुआ महंगा** : प्रियंका ने कहा कि आज देश में महंगाई बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज का पूरा भार महिलाएं उठाती है, महंगाई बढ़ने से महिलाओं को ही सबसे अधिक परेशान होना पड़ा है। केंद्र सरकार ने पांच साल 1200 रुपए में सिलेंडर दिया, अब चुनाव आया तो उसके दाम कम कर दिए। पेट्रोल, डीजल, सोना, चांदी, दो पहिया, गैस सिलेंडर के दाम आसमान चढ़ गए हैं। जिससे घर चलाना महंगा हो गया है। हमने अपनी सरकार के दौरान महिलाओं की मदद के लिए काम किए, मानदेय बढ़ाए, गौठान के जरिये रोजगार दिया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से हादसा, पति-पत्नी की मौत

- घोरतलाव चौराहा में हादसा, शादी में शामिल होने जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

बागनदी थाना क्षेत्र में 20 अप्रैल को दोपहर करीबन तीन बजे नेशनल हाईवे घोरतलाव चौराहा में बाईक सवार पति-पत्नी और बच्चे शादी में शामिल होने जा रहे थे, घोरतलाव चौराहा पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। मौके में ही पत्नी धनसीरबाई 56 वर्ष की मौत हो गई और पति को जोरदार मार लगने से एक पैर कट गया और पूरी तरह हालत नाजुक देखकर




राहगीरों ने पति-पत्नी और बच्चे को डायल-112 कर नजदीकी अस्पताल छुरिया भिवाया। स्थिति देखकर जिला अस्पताल राजनांदगांव रिफर किया, तो रास्ते में ही पति कृष्णा दुधनांग 58 वर्ष की मौत हो गई। हादसे की खबर से क्षेत्र में मातम छा गया। पति-पत्नी की मौत की खबर सुनते ही ग्रामीण शोक में डूब गए हैं।

## हनुमान जयंती: आज निकलेगी बाइक रैली

**राजनांदगांव।** हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रथम दिवस कल 22 अप्रैल को मोटर साइकिल रैली और दूसरे दिन 23 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आयोजन समिति के झम्मन देवांगन एवं राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा विगत 10 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी यह दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस सोमवार को म्युनिसिपल स्कूल से दोपहर 3 बजे विशाल मोटर साइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करेगी। जिसका रूट म्युनिसिपल स्कूल मैदान से गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, इंदिरा नगर चौक, नंदई चौक, कुंआ चौक, बसंतपुर थाना चौक, भारत माता चौक, पुराना गंज चौक, काली माई मंदिर मार्ग, अग्रसेन चौक, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, कामठी लाइन, पोस्ट ऑफिस गायत्री मंदिर चौक, जीई रोड, भगत सिंह चौक, गुडाखू लाइन, आजाद चौक, मानव मंदिर, चौक जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, रेलवे ओवरब्रिज, चिखली प्यारेलाल चौक, शांतिनगर रोड, पुराना ढाबा रोड, नया ढाबा, मोतीपुर रेलवे अंडरब्रिज, स्टेडियम चौक, बसंतपुर चौक, नया गंज मंडी के सामने कृषि महाविद्यालय मार्ग, मेजर ध्यानचंद चौक, दिग्विजय कॉलेज सोनारपारा, फौव्वारा चौक, गुरुनानक चौक होते हुए म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में स्वल्पाहार के साथ संपन्न होगी।

### शोभायात्रा व बाइक रैली की तैयारी पूरी




श्री देवांगन और श्री यादव ने बताया कि हनुमान की शोभायात्रा एवं मोटर साइकिल रैली की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने नगर के समस्त समाज प्रमुखों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के साथियों से अपील की है कि मोटर साइकिल रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन विगत 10 वर्षों से शासन-प्रशासन, निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सामाजिक संगठनों, धार्मिक न्यासो, समाजसेवी संस्थाओं सहित भक्तों के सहयोग से आयोजित हो रहा है। आयोजन समिति द्वारा नगरवासियों सहित क्षेत्र के लोगों को उक्त दो दिवसीय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज को पुलिस ने जारी की नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को डोंगरगढ़ पुलिस ने एक नोटिस जारी कर छिपा सोसायटी सहायक प्रबंधक आत्महत्या मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। पुलिस द्वारा जारी की गई नोटिस के बाद से कांग्रेस में खलबली मची हुई है।

डोंगरगढ़ टीआई सीआर चंद्रा ने बताया कि 11 मार्च 2024 को छिपा सोसायटी का सहायक प्रबंधक गोवर्धन वर्मा उम्र 45 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जांच के शुरुआती दौर में यह पता चला है कि सोसायटी में करीब 28 लाख रुपए का धान कम पाया गया है। इसके साथ ही कुछ किसानों के नाम से फर्जी ऋण भी दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पूछताछ करने के लिए बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को नोटिस जारी की गई है। पुलिस का कहना है कि नोटिस मिलने के बाद श्री खान ने आज सुबह 11 बजे डोंगरगढ़ थाना पहुंचने की बात कही थी, लेकिन वे नहीं आए। पुलिस द्वारा कांग्रेस नेता को पूछताछ के लिए तलब किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद से आज दिनभर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही।


### 42 डिग्री पहुंचा पारा, रात का तापमान भी 29 डिग्री

## प्रदेश में नमी के आगमन से फिर बदलेगा मौसम, आज बारिश के आसार, येलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में नमी के आगमन से एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। आज सोमवार से अंचल में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं रविवार को अंचल का अधितमम पारा बढ़कर 42 डिग्री पर पहुंच गया है। रात का तापमान भी चढ़ते हुए 29 डिग्री के करीब है।

मिली जानकारी के अनुसार आज से बदलने वाला मौसम अगले चार दिन तक ऐसे ही बना रह सकता है। 25 अप्रैल तक बारिश की संभावना जताई गई है।



### लू जैसे हालात, नहीं मिलेगी राहत

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भी मौसम बदलने के कारण अंचल में बारिश देखने को मिली थी, उस समय तापमान लुढ़ककर 34 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन अब फिर से अधिकतम पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। दिनभर लू जैसे हालात निर्मित होने लगे हैं। भले ही मौसम विभाग ने बेमौसम बारिश की संभावना जताई है, लेकिन इसका असर अधिकतम तापमान में देखने को नहीं मिलेगा।

**इस कारण होगी बारिश** : मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका/ हवा की अनियमित गति दक्षिण छत्तीसगढ़ से दक्षिण तमिलनाडु तक स्थित है। जिसके चलते प्रदेश में कल 22 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट संभव है।

NEET एवं JEE एक जुनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Admission Open

FOUNDATION

9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE
Classes Starts on 26th April & 3rd May

DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open

FEATURES

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595, 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार

हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं

- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरुबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जांच

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### कुहीकला के शिक्षक को विदाई

**बांधाबाजार।** कुहीकला आश्रम शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक सुरेंद्र कुमार घावडे को पदोन्नति होने पर साल ,श्रीफल भेंट कर विदाई दिया गया। श्री घावड़े ने 11 साल तक आश्रम शाला में अपनी सेवाएं दिया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक रुक्मणी ठाकुर साहनी, उषा शर्मा, खेमराज कंवर, जयलाल लंझारे, शाला समिति अध्यक्ष हेमलाल कुंजाम, टुमनलाल मंडावी, दुलार सिंह मांडवी, केसोराम देवदास, सूर्यकांत शाहनी, मंथिराबाई, दुर्गाबाई, सविताबाई, फेंकनबाई, अनीताबाई, लक्ष्मीबाई आदि शामिल हुए। यह जानकारी कीरत कुमार गणवीर ने दी।

### आठवीं के छात्रों को दी विदाई



**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला बुंदेली में आठवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दिया गया। समारोह में प्रधान पाठक भुनेश्वर किशोर वैष्णव ने कहा कि आगे बेहतर पढ़ाई कर माता पिता एवं गुरुजनों का नाम रौशन करें। कार्यक्रम में छात्रों को शाला गतिविधि में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चाईनसिंह जंघेल, अनिता वैष्णव, शिवलाल साहू, मोनका चंदेल मौजूद थे।

### मंदिर में धूमधाम से मनी श्रीराम नवमी

**राजनांदगांव।** स्टेशनपारा मुख्य मार्ग रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्थित श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर में श्रीराम नवमी धूमधाम से मनाया गया।



बेलेश्वर महादेव मंदिर समिति के उमेश राजपूत ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक सनातनी पर्व को धूमधाम से मनाने मुहिम की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में नवरात्रि के पहले दिन हिन्दू नववर्ष मनाया गया। इसी क्रम में नवरात्रि के अंतिम दिन श्रीराम नवमी पर्व के दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जो दोपहर से देर रात तक चला। उक्त कार्यक्रम में भक्तों को समिति के अमरनाथ यादव द्वारा श्री हनुमान चालीसा की पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में समिति के देवेन्द्र ठाकुर, संजय खंडेलवाल, देवेश घाटोड़े, मिलिंद रेड्डी, अरविंद चंद्राकर, मिठ्ठू यादव, दिग्विजय श्रीवास्तव, अतुल खंडेलवाल, तरुण घाटोड़े, योगेश निर्मलकर, ललित नामदेवे, यश रेड्डी, व्यंकटेश रेड्डी, अनुष्क कठाने, अमरनाथ इत्यादि भक्तों का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी समिति के उमेश राजपूत द्वारा प्रदान की गई।

## चुनाव प्रचार अभियान तेज, गांव-गांव, घर-घर दस्तक दे रहे कार्यकर्ता

# जीत के लिए पसीना बहा रहे भाजपा-कांग्रेस के नेता







हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने रविवार को भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय के पक्ष में ग्राम कोहलाटोला, कानीमेरा, बघमर्रा, खुड़मुड़ी, बाईकटोरी, सड़क अतरिया, खैरानवापारा, संडी, बेलगाव, खोघा, जंगलपुर, मानिकचोरी, दनिया, चारभाटा, उदान, तेंदुभाटा, सीताडबरी में जनसंपर्क किया। उन्होंने प्रचार के दौरान भूपेश बघेल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह ग्रामीणो को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खद्यान योजना में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी और लोगों को पहले जैसे ही चावल मिलते रहेगा साथ ही मोदी सरकार ने अगामी पांच साल तक हितग्राहीयों मुफ्त में चावल देने की घोषणा किया है। इससे पूर्व उन्होंने साल्हेवारा, झुरानदी, पूरेना एवं घिरघोली में भाजपा कार्यकर्ता की बैठक लिया। मंडोदा, पेटी, चिंगली, सिंघोली, भोरमपुर कला, जोरातराई, भोरमपुर, बिरुटोला, बुढानभाट, श्यामपुर, धारिया, गोपालपुर, सिलपट्टी, पदमावतीपुर, आमघाट कादा, खपरी दरबार, बोराई, कुटेली कला, साल्हेकला, कोटरा, सुराडबरी, मैंनहर में जनसंपर्क किया।

### अब तक नहीं ढका तस्वीर को

**सड़क अतरिया।** लोकसभा चुनाव की आचार सहिता को मद्देनजर करीब महीने भर पहले सड़क, भवन आदि जगह लगी नेताओं की तस्वीर को ढ़क दिया गया है पर सड़क अतरिया में बने प्रवेश द्वार में नेता की तस्वीर ढकने के बाद पुनः सामने आए दस दिन से अधिक समय गुजर गया है जिसे अब तक ढका नहीं गया है। यह मामला सुर्खियों में आने के बाद भी प्रवेश द्वार की तस्वीर खुली हुई है। यह प्रवेश द्वार मतदान केन्द्र से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित है।

### भाजपा ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क

**सड़क अतरिया।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में भाजपा नेता, मंड़ल, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को डोर टू डोर जनसंपर्क किया। ग्राम घिरघोली, मुरई, पुरेना, पंडरिया, जंगलपुर, संड़ी, ओटेबंद, खैरा नवापारा, जीरा टोला, बगदूर, खैरबना, सड़ी सहित अन्य गांव में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में ग्राम मगरकुंड, जंगलपुर घाट में महतारी वंदन योजना कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में टीके चंदेल, आनंद पटेल, संतन साहू, अनुज साहू, देवलाल साहू, डेरा लाल मसखरे, ललिता मानीकपुरी, इन्द्रानी वर्मा, अमरसिंह मेरावी आदि शामिल हुए।

### बूथ में एक्टिव रहने की सलाह



**डोंगरगढ़।** शहर के शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं बूथ प्रभारियों की बैठक पूर्व मंत्री राजेश मूणत, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन ने लिया। इस दौरान महेन्द्रभाई पटेल, हरविंदर सिंग मंगे, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंतसिंग कक्कड़, राकेश अग्रवाल, सविता दरगड़, मधुसूदन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे। श्री मूणत ने बूथ प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारियों से बचे समय को पूरा उपयोग करते हुए बूथों के लाभार्थियों एवं आम मतदाताओं के साथ संपर्क बनाने एवं अधिकाधिक मतदान कराने का आग्रह किया। बैठक में मोंटी भाटिया, जसमीत बन्नोआना, पप्पू नामदेव, सुषमा कोठारी, ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, द्वारका शर्मा, डॉ पन्नालाल बाफना आदि उपस्थित थे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित जैन के माध्यम से डॉ हीरेन्द्र साहू ने भाजपा प्रवेश किया। श्री मूणत ने भाजपा का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया।

### महिलाओं का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** महतारी वंदन योजना के तहत शारदा मंदिर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 5 की महिलाएं, शुभम परिहार, पार्षद कमलेश धमगाये, बूथ अध्यक्ष अजय दुबे शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं को केन्द्र सरकार के कार्यों और योजनाओं से अवगत कराया गया।

### महिलाओं ने किया जनसपंर्क

**डोंगरगढ़।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में गत दिनों पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ग्राम भैंसातरा में महिला समूह से जन संपर्क किया। इस मौके पर परदेसी सोनबोईर, कामता साहू, जीवन देवांगन, धनु बाफ़ना, नोमेश वर्मा ,ललित यादव और नागेश कंडरा मौजूद थे।

### डोर-टू-डोर जनसंपर्क

**तुमड़ीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेन्द्र यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में तुमडीबोड, आरगांव, आलीखुटा, कोपेडीह, मचानपार, खैरी में डोर टू डोर जाकर प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की वादा खिलाफी और कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि लोगों को गरीबी से उबारने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल एक लाख देने का निर्णय लिया है।



# सड़क दुर्घटनाएं रोकने की कवायद

**डोंगरगढ़।** अछोली में शासकीय अस्पताल के पास लगातार दुर्घटना होने के बाद रोड सेफ्टी टीम, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन ने मौका मुआयना कर दुर्घटना रोकने के उपाय पर चर्चा किया। उल्लेखनीय है कि केदारबाड़ी सरस्वती शिशु मंदिर से अछोली अस्पताल तक लगातार दुर्घटना होने की खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जनवरी से फरवरी माह में 25 लाख खर्च कर सड़क मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति करने का मामला भी उजागर किया था। विभाग के अधिकारी ने राजनांदगांव के एक चहेते ठेकेदार के नाम से वर्क आर्डर जारी कर बिना इंजीनियर के स्वयं के हस्ताक्षर से राशि भुगतान भी कर दिया। सड़क के जर्जर होने के बाद इस मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।



### कई हादसे हो चुके

मरम्मत के बाद सड़क पर उभरे गढडों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। सेफ्टी टीम के साथ एसडीओपी आशीष कुंजाम, पीडब्यूडी के एसडीओ केके सिंह, थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, पीडल्यूडी के इंजीनियर दिनेश बनौरिया ने हादसे वाली की जगह पर पहुंचकर तकनीकी परीक्षण किया। इस मार्ग के मुख्य पाइंट में अंधेरा एवं कई स्थानों पर सडक पर गढडे होने जैसी खामी पाया गया। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि उक्त मुख्य मार्ग के जितने भी एप्रोच रोड़ है वहां सांकेतिक चिन्ह, ब्रेकर के साथ अंधेरा वाले स्थान पर लाईट की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

# शहर में पनप रहा जिस्म फरोशी का धंधा

## संदिग्धों की आवाजाही बढ़ी, ब्लैकमेलिंग भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर और आसपास के इलाके मे जिस्म फरोशी काफ़ी तेजी से पैर पसार रही है। कुछ सार्वजनिक स्थानों पर अक्सर बाहर के युवक युवतियों को देखा जा रहा है वही शहर के कुछ लोग तो तगड़ी कमाई को देखते हुए आवास सुविधा भी मुहैया करा रहे हैं।

शहर मे अन्य कारोबार के साथ जिस्म फरोशी का धंधा भी काफ़ी फलफूल रहा है। इस धंधे के साथ ही ब्लेक मेलिंग की घटनाएं भी हो रही हैं। हाल ही में एक घटना काफ़ी चर्चा में थी। शहर के कई लोग पहले ब्लेक मेलिंग के शिकार हो चुके हैं किन्तु पारिवारिक बदनामी के डर से कोई भी मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है और इस गोरखधंधे का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार शहर से करीब 15 किमी दूर सूखा नाला बैराज के आसपास बाहर के युवाओं को देखा जा सकता है। इसी प्रकार शहर से कुछ दूरी पर स्थित नदी के आसपास युवाओं का जमघट लगा रहता है। शहर में निर्मित गार्डन भी धीरे धीरे लवर पाइंट बनते जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर में कुछ ऐसे ठिकाने भी पनप गए है जहां नवयुगलों को बिना फार्मेलिटी के आवास सुविधा मुहैया कराया जा रहा है जिसके एवज में इन लोगों को मोटी रकम मिल रही है। बताया जाता है कि यहां कमरा उपलब्ध कराने पर घंटे- दो घंटे का 15 सौ से दो हजार तक लिया जाता है। कहा तो यह भी जा रहा है कि इन जगहों पर इस पेशे से जुडी बाहर की लड़कियां की भी आवाजाही होती है जो कांट्रेक्ट बेस पर आती है और सुबह वापस लौट जाती हैं। कई बार बाहर से आने वाली उन लड़कियां को भी देखा गया है जो शहर की भौगोलिक स्थिति से अनभिज्ञ होती है किन्तु मोबाईल के जरिए सतत संपर्क में रहते हुए निर्धारित जगह पर उतरने के बाद कार सहित अन्य वाहन में सवार होकर अज्ञात जगह के लिए रवाना हो जाती है।

### पकड़ में आ चुके कई

जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले राजनांदगाव की एक लाज मे छापा मारकर पुलिस के कुछ लड़कियो और लड़को को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा था। लड़कियों की ड्रेस से इस बात का खुलासा जरूर हुआ था कि सभी शहर की एक शिक्षण संस्था की छात्राएं है किन्तु नाम- पता गलत दर्ज कराने के कारण सच्चाई सामने नहीं आ सकी थी।




### जयंती पर निकला जुलूस

**डोंगरगांव।** शहर में रविवार को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्म कल्याणक के मौके सुबह दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा, पूजा अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर से प्रतिमा जी के साथ शोभायात्रा निकला गया जो इंदिरा गार्डन से पुराना बस स्टेण्ड, मुख्य मार्ग से फव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए वापस मंदिर पहुंचा। रास्ते मे जैन अनुयायियों ने आरती उतारा।



# जयंती पर हनुमान चालीसा और सामुहिक सुंदरकांड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गंज लाईन स्थित श्री सिद्धपीठ बालाजी हनुमान मंदिर में आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति द्वारा अखंड रामायण, प्रभातफेरी, अभिषेक और भजन संध्या के साथ-साथ सवामणी भंडारा का भी आयोजन किया गया है। श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अखंड रामचरित्र मानस पाठ के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत होगी। दूसरे दिन 23 अप्रैल को सुबह 4 बजे से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर परिसर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण करने के उपरांत मंदिर परिसर में इसका समापन होगा। सुबह 8 बजे से श्री बालाजी का अभिषेक एवं पूजन होगा। प्रातः 9 बजे जन्मोत्सव एवं श्रृंगार आरती के उपरांत सुबह 10 बजे हवन-पूजन कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे तक सवामणी भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। शाम 4 बजे से सामुहिक सुंदरकांड पाठ, रात्रि साढ़े सात बजे से महाआरती और रात को 8 बजे से खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. विभाष पाठक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन की पहल

# महिला, दिव्यांग और युवा मतदान केन्द्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की जानकारी दी।

कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग से जारी कार्यक्रम के बारे में बताया कि निर्वाचन अधिघोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। जिसका सभी को पालन करना अनिवार्य है। जिले में आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कुल 306 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर में 237 मतदान केंद्र एवं विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के में 69 मतदान केंद्र है। निर्वाचन के दौरान 102 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग एवं 75 मतदान केन्द्रो में विडियोग्राफी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव को अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के उद्देश्य से



महिलाओं, दिव्यांगों, युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए 10 महिला कर्मी मतदान केन्द्र, 1 दिव्यांग कर्मी मतदान केन्द्र, 5 युवा कर्मी मतदान केन्द्रो की स्थापना की गई है। इसी प्रकार 5 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र की श्रेणी में रखा गया है। महिला कर्मी मतदान केन्द्र में सुअरपाल, एकटकन्हार, ख्वासफड़की, मानपुर, नवागांव, सरोली, गौलीटोला, पंडरीतराई, कुम्हली, भुरभुसी, दिव्यांगकर्मी मतदान केन्द्र में कुंजामटोला शामिल है। इसी प्रकार युवा कर्मी मतदान केन्द्र में भोजटोला, मजियापार, कोहका, बुटाकसा, लेड़ीजोब, आदर्श मतदान केन्द्र श्रेणी में ख्वासफड़की, मानपुर, पंडरीतराई, भोजटोला, मजियापार को शामिल किया गया है।

### बाइक रैली से मतदान करने किया प्रेरित

जिले में शत प्रतिशत मतदान एवं लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उदेश्य से चिल्हाटी में कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने नव मतदाताओं को श्रीफल और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी, कर्मचारी, महिलाओं सहित नागरिकों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया। उन्होंने वहां मतदाता जागरूकता पोस्टर पर हस्ताक्षर कर नागरिकों को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।कार्यक्रम की अंमित कड़ी में मतदाता जागरूकता बाईक रैली का आयोजन हुआ। बाईक रैली कार्यक्रम स्थल चिल्हाटी से आरंभ होकर पेंदलकुही होते हुए ओटेबांधा से वापस चिल्हाटी पहुंची। कार्यक्रम में स्वीप नोडल हेमंत ठाकुर, एसडीओपी अर्जुन कुर्रे, सीईओ जनपद प्रियंवदा रामटेके, तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो सहित अन्य उपस्थित थे।

### मोहला से होगा सामग्री वितरण

ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्वाचन के दौरान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के लिए शासकीय लाल श्याम शाह कॉलेज मोहला में केंद्र बनाया गया है। कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में 23, 24 एवं 25 अप्रैल को सुबह 10 से 5 बजे तक डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान होगा। अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा हेतु पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए 22, 23 एवं 24 अप्रैल तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान करने की सुविधा दी गई है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## सार समाचार



राजनांदगांव। महावीर जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा।

### भाजपा प्रत्याशी संतोष आज खैरागढ़ विस क्षेत्र में



**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल 22 अप्रैल को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा प्रत्याशी पांडे दोपहर 2 बजे खैरागढ़ ग्रामीण मंडल के ग्राम धनगांव से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। तत्पश्चात वे ग्राम चिंगरी, जोरातराई, भीमपुरी व बाजार अतरिया पहुंचेंगे एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे दोपहर 4.30 बजे खैरागढ़ शहर में आयोजित सघन जनसम्पर्क अभियान में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे से देर रात्रि तक राजनांदगांव शहर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनसभाओं में शामिल होंगे।

### मतदान के लिए अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं, ताकि संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं श्रमिक संबंधित मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### छुरिया नपं के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप संगोष्ठी आयोजित

# नागरिकों को एक-एक वोट के महत्व से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को बताया जा रहा है। जिले में शत-प्रतिशत मतदातओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत छुरिया के कर्मचारियों द्वारा छुरिया नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप संगोष्ठी आयोजित किया गया। स्वीप संगोष्ठी में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

संगोष्ठी में नागरिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस उद्देश्य के साथ मतदाता शपथ सभी नागरिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कर्मचारी को दिलाया गया। सभी नागरिकों से मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने की अपील की गई।

स्वीप संगोष्ठी के अवसर पर आंगबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं नागरिकों ने मतदाता की शपथ लेकर मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।




#### लोकतंत्र के बारे में दी जानकारी

स्वीप टीम द्वारा स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आव्हान किया गया। संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। नागरिकों को देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने मतदाताओं को भयमुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में समझाया गया। लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी नागरिकों को अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया।

# कर्मियों व श्रमिकों को मतदान करने किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने कार्यक्रमों में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संस्था प्रमुखों को मतदान दिवस को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने कहा गया है। कर्मचारियों एवं श्रमिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है और मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है।

# तीन दिवसीय कार्यशाला

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में पूज्य श्रीश्री रविशंकर की संस्था व्यक्ति विकास केंद्र (आर्ट ऑफ लिविंग) द्वारा बच्चों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सीनियर फेकल्टी डॉ. शैलजा चंद्राकर के निर्देशन में यह कार्यशाला संचालित की गई। जिसमें 7 से 13 वर्ष के बच्चे उत्कर्ष योग और 14 से 18 वर्ष के बच्चे मेधा योग की शिक्षा ली। आर्ट ऑफ लिविंग के मेधा एवं उत्कर्ष योग में सिखाए गए सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से बच्चों की याददाश्त सशक्त होगी। शिविर में योग, ध्यान, माइंड मैनेजमेंट, लीडरशिप ट्रेनिंग के अलावा और भी स्किल डेवलप करने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का मुख्य पार्ट है सुदर्शन क्रिया जो बहुत ही पावर फूल ब्रिथिग टेक्निक है। जिससे वो अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। बच्चे अपने अंदर का डर, गुस्सा, तनाव सबको नियंत्रित कर पाएंगे। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि बच्चे स्कूल में रिलेक्स होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाएं।

शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के सहभागी शिक्षकों ने योगदान दिया। जिसमें अमन बेलचंदन, ताम्रध्वज चंद्राकर, वैशाली बड़े, बोइटा वरू, वरिष्ठ शिक्षक हरजीत सिंह सहोता का बहुमूल्य योगदान इस शिविर को मिला। एनबीआईएस शाला परिवार द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया गया।

# रेखा पांडे ने किया जनसंपर्क, गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को बड़ी जीत दिलाने जहां भाजपा के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की धर्मपत्नी रेखा पांडे भी घर-घर पहुंचकर आम जनता से कमल फूल निशान के लिए समर्थन एवं आशीर्वाद मांग रही है।



भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्रीमती पांडे ने वार्ड क्र. 12 के बूथ क्र. 91, 92 एवं 93 स्टेशनपारा पहुंचकर सघन जनसम्पर्क करते नुक्कड़ सभा को संबोधित करते कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की हैं। जिसका सीधा लाभ मातृशक्ति को प्राप्त हुआ है। जिसमें धुंए से मुक्ति दिलाने उज्ज्वला गैस योजना, महिलाओं के आत्मसम्मान एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घर-घर शौचालय का निर्माण, स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं को शिक्षित करना जैसी अनेक योजनाएं इसका जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया।

प्रदेश सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं। इससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा। जनसंपर्क के दौरान डॉ. रेखा मेश्राम, संगीता गजभिये, संतोषी जोशी, आशा मेश्राम, लता शेंडे, प्रज्ञा यादव, बबली भावे, रुसमकला मेश्राम, मीना डोंगरे, शीला मेश्राम, संतोष गुप्ता, गोविंद राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता एवं लाभार्थी बहनें उपस्थित थी।

# कार में शराब ले जाते पकड़ाए

### 320 पौवा देशी शराब बरामद, सोमनी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से कार में भरकर शराब ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ा। जिसमें 320 पौवा देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से नशा के विरूद्ध लगातर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि टेडेसरा भट्टी रोड पर दो युवक कार में शराब रखे हुए हैं।




#### बैग में भरकर रखे थे शराब

सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान पर तत्काल सोमनी पुलिस स्टाफ रवाना हुआ। मौके पर पहुंचकर एक स्वीफ्ट कार की तलाशी ली। जिसमें 3 बैग मिला। जिसमे शराब भरी हुई थी। पूछताछ करने पर आरोपी केवल कुमार 32 निवासी लालूटोला चिचोला व नीरज पटेल 23वर्ष निवासी चिचोला का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 320 नग देशी शराब को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** किशोरी को शादी का झांसा देकर अनाचार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 376(2), 312, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पप्पू किराना दुकान के पीछे पोटिया निवासी विनोद साहू ने किशोरी से जान पहचान बनाया। उसके बाद परिचय का लाभ उठाते हुए उसे गर्भवती कर दिया। जानकारी होने पर किशोरी को पत्नी बताकर लगातार अस्पताल में जांच कराता रहा। आरोपी ने किशोरी को धमकी भी दिया करता था। शादी के लिए जब किशोरी ने दबाव बनाया तो करने से इनकार कर दिया। परेशान होकर किशोरी ने शिकायत पुलिस से की।

### एग्जिट पोल व प्रसारण पर प्रतिबंध

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर प्रतिबंध 19 अप्रैल 2024 से लागू हो गया है, जो 01 जून 2024 तक प्रतिबंध रहेगा। आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को सुबह 07 बजे से 01 जून 2024 की शाम 06.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

# अब तक जिले में कुल 53 डाक मतपत्र प्राप्त

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र में विशेष संवाहक द्वारा 47 डाक मतपत्र एवं डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा



मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 6 है। इसी तरह 22, 23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्र. 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

# तीन वर्षीय बालिका का बिना चीर-फाड इलाज

- बालिका दिल में छेद की बीमारी से थी ग्रसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संजीवनी हार्ट एंड न्यूरो केयर हॉस्पिटल राजनांदगांव के कॉर्डियक सर्जरी विभाग में एक 3 वर्षीय बालिका को दिल के छेद की बीमारी का बिना चीर-फाड़ इलाज कर नया जीवनदान दिया है। ग्राम भोथली निवासी बालिका को जन्म से दिल में छेद था। बालिका के परिजन उसे संजीवनी हार्ट एंड न्यूरो केयर हॉस्पिटल राजनांदगांव लेकर पहुंचे, जहां कॉर्डियोलॉजी विभाग में उसकी जांच कराई गई। जिसमें पता चला कि किशोरी के दिल में जन्मजात छेद है और वह पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पीडीए) एक हृदय दोष से ग्रसित है, जो बच्चों में जन्म के कुछ दिनों या हफ्तों में पाया जाता है। बच्चे के जन्म से पहले डक्टस आर्टेरियोसस भ्रूण के रक्त परिसंचरण का एक सामान्य हिस्सा है। यह एक अतिरिक्त रक्त वाहिका है, जो 2 धमनियों को जोड़ती है।

बिना चीर-फाड़ दिल के इलाज को सफलतापूर्वक संपन्न करने पर संजीवनी हार्ट एंड न्यूरो केयर हॉस्पिटल राजनांदगांव के निदेशक डॉ. अमित कुमार मोदी और डॉ. राघव वर्मा ने संस्थान के कॉर्डियोलॉजी विभाग और पीडिएट्रिक विभाग की टीम की सराहना करते चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया। डॉ. मोदी ने बताया कि बालिका के स्वजनों ने अन्यत्र उपचार कराना मुनासिब नहीं समझा। उपचार में अनावश्यक विलंब के चलते बालिका को सांस फूलने की समस्या होने लगी थी। जिसके कारण वह अपने रोजमर्रा के कार्य करने में भी असमर्थ हो गई। समस्या अधिक बढ़ने पर किशोरी के परिजन उसे लेकर संजीवनी हार्ट एंड न्यूरो केयर हॉस्पिटल राजनांदगाव पहुंचे, जहां कॉर्डियोलॉजी विभाग में उसकी जांच कराई गई। जिसमें पता चला कि किशोरी के दिल में जन्मजात छेद है और जांच के बाद बालिका को पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पीडीए) एक हृदय दोष की बीमारी से ग्रसित पाया गया, जो जन्म के कुछ दिनों या हफ्तों में पाया जाता है। इस तरह का जटिल ऑपरेशन अब तक राजनांदगांव में संजीवनी हार्ट एंड न्यूरो केयर हॉस्पिटल के अलावा अन्य किसी संस्थान में नहीं किया गया है। संजीवनी हॉस्पिटल राजनांदगांव के कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. जाहिद खान के नेतृत्व में बीमारी के इलाज को एंजिओग्राफी (कैथलैब) द्वारा बिना चीर-फाड़ के नस द्वारा आपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

उन्होंने बताया कि बालिका अब पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे इस इलाज के अगले ही दिन डिस्चार्ज कर दिया गया है। जटिल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. जाहिद खान के अलावा पीडिएट्रिक विभाग के डॉ. कल्याण श्याम वझलवार, एनिस्थिया विभाग के डॉ. अमोल ससाने व विभाग के अन्य सदस्य शामिल रहे।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में

सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

# घर आजा संगी, कमाने खाने दूसरे प्रदेश गए ग्रामीणों से मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रोजी रोटी की तलाश में कमाने खाने परिवार सहित दूसरे प्रदेशों में गए ग्रामीण मजदूरों को जिला प्रशासन वीडियो काल कर मतदान के लिए बुला रहा है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार घर आजा संगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले के दोनों ब्लाक में सौ फीसदी मतदान के लक्ष्य को लेकर अलग-अलग गांवों से पलायन किए श्रमिकों से वीडियो कॉल के माध्यम से मतदान दिवस पर अपने गांव या शहर आकर मतदान करने की अपील की जा रही है।

कार्यक्रम तहत जिले के बीएलओ और पलायन हुए श्रमिकों के रिश्तेदारों से संपर्क कर उन्हें फोन, वीडियो कॉल या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आने वाले 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक पलायन हुए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना है। अभी तक, जिले के 86 पलायन किए गए श्रमिकों से संपर्क किया गया है और शेष श्रमिकों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। इन श्रमिकों को मतदान की जानकारी दी जा रही है और उन्हें मतदान अवश्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। घर आजा संगी कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पलायन हुए श्रमिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने और चुनाव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



#### घर-घर दस्तक दे रहे बीएलओ

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार बीएलओ मतदान का न्यौता देते हुए घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे है। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए तय मतदान तिथि 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में व्यापक पहल करते हुए पूरे जिले में बीएलओ आम मतदाताओं तक मतदाता पर्ची लेकर पहुंच रहे हैं। मतदान का न्यौता मिलने पर मतदाताओ ने खुशी जाहिर करते हुए न्यौता स्वीकार कर सभी 26 अप्रैल को सारा कामकाज छोड़कर सबसे पहले वोट देने का भरोसा दिया है।

# जीएसटी पोर्टल में आने वाली दिक्कतों को राज्यकर आयुक्त को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार्यालय सहायक आयुक्त राज्यकर द्वारा अधिवक्ता एवं सीए की बैठक में संभागीय उपायुक्त राज्यकर राम नरेश चौहान ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव वृत को एसजीएसटी संग्रहण का लक्ष्य 139.22 करोड़ प्राप्त हुआ है। कर संग्रहण में वृद्धि पर चर्चा कर सुझाव लिए एवं बार व बेंच मिलकर दिए लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मिलकर कार्य करने की अपील की। इस पर अधिवक्ता एवं सीए ने राजनांदगांव वृत में कर संग्रहण को लेकर विस्तृत चर्चा की।

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल किशोर साहू, सचिव सीए सुमित चौरसिया, आईसीएआई भिलाई ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए प्रफुल्ल कोठारी, सीए सुरेश गांधी, सीएमए शुभम भंसाली द्वारा जीएसटी एवं जीएसटी पोर्टल में आने वाली कठिनाई, व्यापारियों, करदाता को होने व्यवहारिक दिक्कतों के संबंध में सहायक आयुक्त राज्यकर कविता ठाकुर को अवगत कराया, जिस पर सहायक आयुक्त कविता ठाकुर द्वारा त्वरित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सांखला, शिवकुमार चौरसिया, हरीश जैन, महेश प्रसाद शर्मा, भागवत साहू, मनमोहन साहू, सुधीर राठी, राहुल जैन, भरत लिल्हारे, पुष्पा रामटेके, यशवंत देशमुख, लक्ष्मीकांत साहू, हिरेन्द्र देवांगन, अक्षय सांखला, मयंक शर्मा, गोविंद सिंहानी, पंकज गंगवानी, लोकेश अग्रवाल, येनेश्वर सिंह, पवन मिश्रा सहित बड़ी संख्या सीए एवं अधिवक्ता सहित अतिरिक्त सहायक आयुक्त लेखराम बंजारी, राज्यकर अधिकारी पंकज श्रीरंगे उपस्थित हुए।बैठक का संचालन वरिष्ठ कार्यालय सहायक राज्यकर अविनाश साहू ने किया।



जनसभा : छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के विकासवादी नीति व मोदी की गारंटी के साथ हैं: अरुण साव

# कांग्रेस के पांच वर्ष का कुशासन समाप्त हुआ छत्तीसगढ़ में सुशासन का उदय हुआ हैः सीएम

- भाजपा एक दल नहीं, एक विचार है जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण और जन कल्याण है : भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

पंडरिया विधानसभा के ग्राम कोदवा-गोडान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया और लोकसभा चुनाव के तहत प्रचार कर भाजपा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी जनसभा को संबोधित किया और मोदी सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नरेंद्र मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है जिनके सुख-दुःख और सुविधा की चिंता वो दिन रात करते हैं, 18 घंटे अपने काम के प्रति समर्पित होकर 10 साल से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ देश के किसान, मजदूर, महिला का विकास करने वाले प्रधानमंत्री का चुनाव है। इसलिए 26 अप्रैल को हम सभी को संकल्प करना है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और पांच साल तक छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने वाले लबरा पार्टी को भागना है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 36 वादे किए थे।

पांच साल में सरकार चलाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं किया, बल्कि छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बनाया। जिसमें कोयला, शराब, रेत, गोबर, गोठान, बीएसएफ राशि में भ्रष्टाचार किया। आज कांग्रेस के नेता और अधिकारी जिन्होंने सहयोग किया सब जेल में हैं। कांग्रेस की सरकार में शराब की दुकानों में दो कैश काउंटर लगते थे एक हिसाब किताब सरकार के खजाना में दूसरा हिसाब किताब कांग्रेस के आलाकमान राहुल, सोनिया, प्रियंका के खाता में जाता था। इसलिए प्रदेश की जनता ने सरकार से उन्हें हटाया और इस लोकसभा में भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को खाता नहीं बोलने देना है और सभी 11 सीटों को जीताकर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करना है।

हमने 4 महिना में जो काम किया है सब जानते हैं महतारी वंदन योजना, श्रीराम लला दर्शन योजना, किसानों को बकाया बोनस दिया है। महतारी वंदन योजना के लिए मैनें स्पष्ट किया है कि हमारी सरकार महीने के पहले सप्ताह में पैसा महिलाओं के खाते में भेजेगी, कांग्रेस इसको लेकर भ्रम फैला रही है और मैं कहना चाहता हूं की यह योजना जब तक हमारी सरकार रहेगी तब तक चलेगी।

आज भाजपा में जितना आदिवासी का मान-सम्मान है कांग्रेस में वो नहीं है। कांग्रेस ने आदिवासियों को केवल बंधुआ, मजदूर समझा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज की महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया, मुझे मुख्यमंत्री बनाया आदिवासी जनमन योजना के माध्यम से उन्हें सभी सुविधाओं, उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहें हैं। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष अशोक साहू, सुशीला भट्ट, रामकुमार भट्ट, डॉ सियाराम साहू, सीताराम साहू सहित हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व ग्रामीण क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।





## ईमानदारी और मेहनत से देश की जनता की सेवा कर रहे हैः उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ये चुनाव उस गरीब के बेटे को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है जो आज ईमानदारी और मेहनत से देश की जनता की सेवा कर रहे है। गांव-गरीब-किसान का सेवा कर रहें हैं, ऐसे गरीब मां के बेटे को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आपने उनकी मेहनत को देखा और उस पर विश्वास जताया और आपके वोट से गरीब के घर में शौचालय बना है, अगर पंजा छाप में वोट दिए रहते तो क्या? 5 लाख रुपए का आयुष्मान कार्ड ईलाज के लिए मिलता, 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में आ रहा है, 4 करोड़ पक्का आवास बना है, कोरोना संक्रमण में टीकाकरण का महाभियान चलाया गया और वो भी निःशुल्क मोदी सरकार की नियत है क्योंकि वो गरीब मां का बेटा है इसलिए वो सभी गरीबों की चिंता को अपना समझते हैं। गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से निःशुल्क राशन मिल रहा है और आगे 5 साल भी मिलेगा, साथ ही 31 सौ रुपए क्विंटल धान की खरीदी, दो साल का बकाया, महतारी वंदन योजना का 1 हजार रूपए आज भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार में मिल रहा है। इसलिए एक बार फिर हम सबको नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## पीएम जरूरतमंद परिवारों के लिए जो योजनाएं तैयार करते हैं, उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैंः भावना

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूरतमंद परिवारों के लिए जो योजनाएं तैयार करते हैं, उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबके प्रयास को शामिल करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना लाई है, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हुआ है। आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन खाते, गैस कनेक्शन आदि का लाभ दिया जा रहा है। पीएम आवास का लाभ जिसे कांग्रेस ने रोक दिया था उसे फिर से मुख्यमंत्री ने शुरू किया और सरकार बनने के अगले दिन ही सबसे पहले आवास कके लिए निर्णय लिया गया यह होती है त्वरित निर्णय लेने की क्षमता। आंगनबाड़ी केंद्र, वन धन केंद्र, हॉस्टल, बिजली कनेक्शन, मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचाई जा रही है। महिलाओं को महतारी वंदन के माध्यम से प्रतिमाह 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी निवासरत आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनमन योजना के माध्यम से 51 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 16 विकास कार्यों के लिए 3667.59 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। इससे इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेहतर कनेक्टिविटि, स्वच्छ जल जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और हमारे आदिवासी भाई-बहन भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। इसके साथ ही किसानों के हित के लिए सुतियापाट नहर विस्ताकरीकरण, क्रांति जलाशय एवं पुल-पुलिया व सड़क निर्माण हेतु करोड़ों की सौगात डबल इंजन की भाजपा सरकार ने पंडरिया विधानसभा को दी है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल काम को लटकाने और जनता को भटकाने का काम करती है। महिलाओं को 500 रुपए देने का वादा कांग्रेस पार्टी ने किया था लेकिन पांच वर्षों में नहीं दिया, शराबबंदी के नाम पर गंगाजल की झूटी कसम खाई, गौमाता, गोबर और गोठान के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया, जनहित के विषयों और जनता के अधिकारों का हनन किया, विकास कार्यों पर रोक लगा दी और भ्रष्टाचार की खान प्रदेश में शुरू की, जनता ने अपने इन सभी झूठे वादों का जवाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दिया और लोकसभा चुनाव में भी इसका जवाब जरुर देगी पूरे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर। मुख्यमंत्री भी यहां उपस्थित हैं मैं उनके ही अंदाज में कहना चाहूंगी की जैसे छत्तीसगढ़ में उनके नेतृत्व में सांय-सांय विकास कार्य हो रहे हैं तो मुझे पूरा विश्वास है कि 26 अप्रैल को चुनाव में भी आप सभी जनता भाजपा को ठांय-ठांय वोट जरुर देंगे और छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री एवं देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बनाकर मोदी ने जो आदिवासी समाज का सम्मान किया है उसके प्रति अपना आशीर्वाद जरुर प्रदान करेंगे।

## भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया : विधायक धर्मजीत सिंह

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भली भांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा। इसलिए लोकसभा में सभी 11 सीटों पर भाजपा को जिताकर हमें मोदी के हाथ को और मजबूत करना है।



# तेज धूप व उमस से बचने के लिए छोटे-छोटे बच्चे कपड़े का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेज व भीषण गर्मी तथा तपिश से आम नागरिकों को लिए भारी परेशानी का सबब बनी है। सूर्य देवी की इस बेरुखी से लोग बेहाल हैं, वहीं धूप से बचने के लिए छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग छाता व गमछा का सहारा ले रहे है।

प्रदेश में तेज धूप व उमस एक सप्ताह से गर्मी चरम सीपमा पर है। दिन-प्रतिदिन तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। व उमस के चलते पंखे की हवा भी काम नहीं कर रही है। ऐसे में बिजली की कटौती से बच्चों व बुजुर्गों को भारी परेशानियां व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सुबह की शुरुआत तेज धूप से दोपहर तक तेज धूप होने सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है तथा राहगीर व आम नागरिक छांव की तलाश में भटकता आसानी से नजर आते है। वहीं छोटी छोटी बच्चियां सिर व मुंह पर गमछा बांधकर तथा चेहरे को कपड़े से ढंककर घरों से बाहर निकलती है। ताकि छोटे बड़े को इस तेज धूप व उमय से कहीं लू न पड़ जाएं।

## थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के आरोपी को धर-दबोचा



हरिभूमि स/लोहारा। सहसपुर लोहारा थाना द्वारा आबकारी एक्ट व अन्य अपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा सहसपुर लोहारा थाना प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र मे लगातार अवैध जुआ-सट्टा एवं आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे मुखबिर से सूचना पर 21 अप्रैल को सहसपुर लोहारा बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिया व नाम के आरोपी फागुराम लोधी पिता रामाधार लोधी आयु 48 वर्ष निवासी कोटरा बुंदेली थाना सहसपुर लोहारा के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी मे 32 पौवा देशी प्लेन मदिरा शीलबंद 5.760 बल्क लीटर कीमती 2880 व शराब बिक्री रकम 460 रूपए एंव घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचके 5155 कुल जुमला 23,340 रूपए को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया। वहीं आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से विधिवत कार्यवाही कर थाना सहसपुर लोहारा मे अपराध क्रमांक 116/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

कवर्धा। दुर्ग हेमचंद यादव विवि ने एलएलबी 5वें सेमेस्टर परीक्षा (दिसंबर-जनवरी 2023-2024) के पूनर्मूल्यांकन (20 प्रतिशत) का परिणाम जारी कर दिया है। विवि ने अपनी वेबसाइट में परीक्षा परिणाम को अपलोड किया है। संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है। इसके अलावा विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के भी परिणाम जारी किए है।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

# कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए दिया जाएगाः भूपेश बघेल

- ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल को फूल-माला से किया आत्मीय स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत कवर्धा विधानसभा के ग्राम नेवाड़ीगुड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का जोरदार भव्य स्वागत फुल माला व पटाखे के साथ किया गया।

रूसे सेक्टर चुनाव प्रभारी लाल बहादुर चंद्रवंशी के गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण मतदाताओं से मिलकर हाल-चाल तथा भेंट मुलाकात चर्चाकर वोट देने की अपील किया

साथ ही साथ जनसभा को संबोधित किया भूपेश बघेल द्वारा कहा गया कि आज हम जो योजनाएं गरीब मजदूर किसान के लिए बनाया गया था, जिसमें सभी वर्ग के लोग को लाभ मिलता था किसानों का कर्ज माफ किया, बेरोजगारी भत्ता दिया, गोबर खरीदी व नरवा, गरूवा, घुरवा व बाड़ी के तहत महिला समूह को रोजगार दिया। उसे आज भाजपा के शासन आने के बाद योजनाओं को बंद किया जा रहा है, बेरोजगारी भत्ता कांग्रेस के शासन काल में दिया जाता था वह आज बंद हो गया है और गरूवा, घुरवा, नरवा व बाड़ी योजनाओं से स्वयं सहायता महिला समूह को काम मिलता था गोबर खरीदी होता था, जिससे कई लोग गोबर बेचकर अपना जीवन यापन करते थे, जिससे गरीब-किसान-मजदूर समूह को लाभ मिलता था वह भी योजना आज बंद हो गया। भूपेश बघेल नें कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर महिलाओं को 1 लाख रूपए महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत दिया जाएगा, युवाओं को नौकरी दिया जाएगा, कांग्रेस कार्यकर्ता से जनसंपर्क किया।

राजनांदगांव कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा लगातार क्षेत्र का संघन दौराकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं से संबोधित करते हुए आशीर्वाद के रूप में वोट मांग रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, नीलकंठ चंद्रवंशी, लाल बहादुर चंद्रवंशी, पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, ईश्वर शरण वैष्णव, राजेश चंद्रवंशी, बलदाऊ साहू, मोचन चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, गेंद चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# स्वर्णकार समाज ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान, दानदाताओं ने किया विशेष सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



स्वर्णकार समाज सामाजिक भवन में समाज के वरिष्ठ जनों व सामाजिक सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आहूत किया गया। जिसमें समाज में विशिष्ट योगदान तथा सामाजिक एकता में संबल प्रदान करने वाले वरिष्ठजनों का समाज द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

समाज के मीडिया प्रभारी निखिलेश शरण सोनी ने बताया कि समाज अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश तथा स्वर्णकार समाज के अजमीढ़ महाराज के तैलचित्र में पूजा अर्चना के पश्चात अभिनंदन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ बलदाऊ प्रसाद सोनी, गिरधर सोनी, राधेश्याम सोनी, दौआ प्रसाद सोनी, रमेश सोनी, विष्णु प्रसाद सोनी, नंदू सोनी, बिसाहू प्रसाद सोनी, प्रहलाद सोनी, गणेश सोनी रामू सोनी, रमेश सोनी, धन्ना सोनी, भरत सोनी, संतोष सोनी, गोपाल सोनी, मोहन लाल सोनी, नंदकिशोर सोनी, घनश्याम सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, अशोक सोनी, राजेंद्र सोनी, सुदर्शन सोनी, छेदी प्रसाद सोनी, मधुसूदन सोनी, बुलाकी सोनी आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सोनी, गिरधर सोनी, बेदी प्रसाद सोनी, दिलेश्वर सोनी, नितिन सोनी, राजेंद्र सोनी तथा बलदाऊ प्रसाद सोनी ने समाज को चंदे के रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन विशेष मार्गदर्शक राजेंद्र सोनी ने किया, इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण की बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक परिवार हुए लाभान्वित

# जनसंपर्क कर मांगा समर्थन, फिर से तीसरे बार मोदी सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भाजपा मंडल कुण्डा के शक्ति केन्द्र खम्हरिया मे लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत जन-सम्पर्ककर ग्रामवासियों के साथ बैठक किया गया। इस बैंठक राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद व भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को भारी मतों से विजयी बनाने तथा मोदी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनाने 26 अप्रैल को कमल छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने ग्रामीणों से अपील की गई।

महामंत्री भाजयुमो मंडल परषोत्तम निर्मलकर ने कहा कि 5 वर्ष राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सांसद का कार्यकाल जनता ने देखा है। जनता के पीड़ा को लोकसभा में किस तरह से आवाज बुलंद करते थे, अनेक मुख्य मुद्दा था जिसको लोकसभा में बात रखकर सुकृति दिलाया है। कटघोरा से डोंगरगढ़ तक रेलवे लाइन की स्वीकृति, कवर्धा में मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय महाविद्यालय का भवन निर्माण, नेशनल हाईवे रोड निर्माण, अनेक उपलब्धि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र को मिला है, इन 5 वर्षों में यही कारण है कि दोबारा संतोष पांडेय को सांसद प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है। वहीं प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार लाभान्वित हुए है।

मोदी ने 10 वर्ष में ऐतिहासिक काम किए हैं जैस श्रीराम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना, 3 तलाक, हर घर में शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना नल जल योजना, किसान सम्मन निधि, गैस सिलेण्डर अनेक योजना है जिसका लाभ प्रत्येक परिवार को मिल रहा है। यही कारण है कि आज जनमानस में काफी उत्साह है। नरेन्द्र मोदी को फिर से तीसरी बात प्रधानमंत्री बनने को मोदी की गारंटी पर विश्वास करके जनता ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है। जिस प्रकार से जनता ने 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को देखा है। इसका मुंहतोड़ जवाब विधानसभा में जनता जनार्दन ने दिया है और पूर्ण बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा का सरकार बना है। सरकार बनते ही मोदी की गारंटी में जो वादा किया था उस वादा को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित महिलाओं को प्रति महीना के दर से 1 हजार रूपए, 31 सौ समर्थन मूल्य अंतर की राशि सभी किसानों के खाते में डाल चुका है, 2 साल का बकाया बोनस तथा मोदी की गारंटी में जो वादा 18 लाख आवास जो 5 वर्षों से कांग्रेस की सरकार में रुका था। उसकी स्वीकृति कर दी गई है। जन जन के मन से एक ही बात है मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर डबल इंजन के सरकार के साथ छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि और विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ेगा।

### मतदान दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रो में तैनात रहेंगे स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि कवर्धा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भारत निर्वाचन में गाइड-लाईन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध होना चाहिए। इसके साथ ही गर्मी के बचाव के लिए क्या किया जाना चाहिए इसके लिए रखे जानें वाली सावधानियों के लिए अपील जारी करने के निर्देश सीएमएचओं को दिए।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### पंवरजली में श्री अखण्ड नवधा रामायण 23 से



**कवर्धा।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंवरजली (दामापुर बाजार) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजन समिति ने बताया कि श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 23 अप्रैल दिन मंगलवार से होगा जिसका समापन 2 मई दिन गुरुवार को किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन में सभी मानस मण्डली एवं क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस दस दिवसीय धार्मिक आयोजन को भव्य बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए निर्देश

**कवर्धा।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी को ही वाहन की अनुमति होगी। सार्वजनिक वाहन का उपयोग बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति के द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए किया जा सकेगा। सरकारी अधिकारी द्वारा उपयोग किये जा रहे वाहन केवल ड्यूटी स्थल जाने के लिये उपयोग किया जाएगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर/बैनर नहीं होगा। मतदाताओं के सहयोग के लिए बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर तैनात किया जाएगा।

### मतदान केन्द्र में प्रतिबंधित रहें कई उपकरण

**कवर्धा।** मतदान केन्द्र में मोबाईल फोन, सैल्युलर फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान केन्द्र या उसके 100 मीटर के भीतर ऐसे टोपी, शॉल, बैज, प्रतीक आदि की अनुमति नहीं होगी, जिस पर राजनीतिक दल, उम्मीदवारों या राजनीतिक नेताओं के नाम और उनके नारे, प्रतीक या उनका सचित्र प्रतिनिधित्व हो, जो किसी चुनाव लडऩे के लिए प्रचार के लिए हो सकते है उन्हें समान हो सकते हैं, अनुमति नहीं दी जाएगी।

# 24 अप्रैल को शाम 6 बजे थम जाएगा चुनावी शोर-गुल, दिशा-निर्देश किए गए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

मतदान दिवस के 48 घंटा पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का कढ़ाई से पालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि एक प्रत्याशी द्वारा अधिकतम 03 वाहन प्रयोग में लाए जा सकते हैं।

जिसमें 01 वाहन प्रत्याशी के लिए 01 वाहन एजेन्ट के लिए एवं 01 वाहन प्रत्याशी के कार्यकर्ता के लिए रहेगा। एक वाहन में अधिकतम 05 व्यक्ति की ही (वाहन चालक सहित) अनुमति होगी। यदि प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं है तो, प्रत्याशी की वाहन को अन्य व्यक्ति उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। अन्य नेताओं को किसी भी प्रकार की वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन की उपयोग सिर्फ वाहन मालिक के द्वारा किया जाएगा, निर्वाचन में उपयोग नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को लाने अथवा ले जाने के लिए निजी वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन का उपयोग वाहन मालिक के द्वारा स्वयं या परिवार को मतदान केन्द्र ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन 200 मीटर की परिधि में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान के अंतिम 48 घंटों के दौरान शराब की दुकाने बद रहेंगी।

### मतदान कार्य में बाधा डालने वाले पर होगी कार्यवाही




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी के वैध निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है या दुर्व्यवहार करता है उसे किसी भी पुलिस अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके आदेश पर मतदान केंद्र से हटाया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति, जो किसी भी चुनाव में धोखाधड़ी से या अनधिकृत रूप से मतदान केंद्र से वोटिंग मशीन ले जाता है या ले जाने का प्रयास करता है या जानबूझकर ऐसे किसी कार्य को करने में सहायता करता है या उकसाता है। उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### मतदान दिवस के 48 घंटे के भीतर प्रचार-प्रसार किया गया प्रतिबंधित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि मतदान दिवस के 48 घंटे के भीतर किसी भी प्रकार का सभा जुलुस निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए वाहन की उपयोग की अनुमति नहीं होगी। बल्क एसएमएस, वाईस कॉल जातिगत, धार्मिक, मस्जित, मंदिर, गुरूद्धारा, चर्च एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर अंतिम 48 घंटों में अपील राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उम्मीदवार सीनेमेटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधि समाग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं करेंगे। किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक सहित अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर 24 अप्रैल 2024 के शाम 6 बजे प्रतिबंधित होगा। प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार समाग्री का अंतिम 48 घंटे के पूर्व प्रकाशन का प्रमाणन आवश्यक होगा।

## हादसा: भोरमदेव दर्शन कर लौट रहे थे एक ही परिवार के ग्रामीण

# ग्रामीणों से भरी वाहन पलटी करीब 15 सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव से दर्शन कर लौट रहे ग्रामीणों से खचाखच भरी एक छोटा हांथी वाहन रविवार की शाम भोरमदेव थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरमो के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में वाहन सवार करीब 15 लोग घायल हो गए जिन्हे पुलिस तथा डॉयल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम डंगनिया निवासी एक ही परिवार के करीब 35 ग्रामीण एक छोटा हांथी वाहन में सवार होकर भोरमदेव मंदिर दर्शन करने गए थे। बताया जाता है कि जब ग्रामीण मंदिर से दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहे थे इसी दौरान ग्राम हरमो के पास तेज रफ्तार छोटा हांथी वाहन पर से चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित तेजरफ्तार वाहन सड़क से उतरकर खेत में जा पलटी। इस दुर्घटना के बाद वाहन सवार घायल महिला, पुरूष तथा बच्चों में चीख पुकार मच गई।

जिसे सुनकर राहगीरों ने घटना की सूचना तत्काल भोरमदेव पुलिस तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाय जहां उनका ईलाज किया जा रहा है। घायलों का ईलाज कर रहे चिकित्सकों के मुताबिक किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

### वाहन में क्षमता से अधिक भरे गए थे ग्रामीण




प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक छोटे से छोटा हांथी वाहन में चालक क्षमता से अधिक सवारी भरकर काफी लापरवाही पूर्व तथा तेज गति से वाहन चलाया जा रहा था। जिसके चलते यह हादसा सामने आया है। हालांकि अभी तक आरोपी चालक के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही की कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन माना जा रहा है कि ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए जो चंद रूपए के लिए लोगों की जान जोखिम में डालने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

### पुलिस व परिवहन विभाग बेपरवाह, नहीं हो रही कार्यवाही

शादी विवाह के इस सीजन में धड़ल्ले से लोगों तथा वाहन चालकों द्वारा माल वाहक वाहनो का उपयोग सवारी ढोने में किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन वाहनो में क्षमता से अधिक सवारी भरकर विभिन्न थाना क्षेत्रों के मुख्य मार्गो में और कहीं-कहीं तो थानों के सामने से वाहन फर्राटे भर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ न तो क्षेत्र की पुलिस कोई कार्यवाही कर रही है और नहीं अपने आपको हमेशा मुस्तैद बताने और दिखाने वाला परिवहन विभाग इस ओर कोई ध्यान दे रहा है।

# वोट डालने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी निःशुल्क वाहन सुविधा




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मतदान रथ कुल 08 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने निःशुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में 528 दिव्यांग मतदाता, वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाता वाले मतदान केन्द्र चिन्हांकित किया गया है। जहां इन वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को मतदाता रथ का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिए जाने वाली निःशुल्क परिवहन सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### सभी मतदान केन्द्रों में होगी व्यवस्था

जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर भी रखा गया है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मुख्य मार्ग से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से अंदर जाने के लिए व्हील चेयर व्यवस्था कर ली गई है।

# स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश आज से, टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



वर्तमान में पड़ रहे भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए छग शासन ने प्रदेश के सभी स्कूलों के लिए 22 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। छात्रहित में लिए गए इस निर्णय का छग टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 21 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं हेतु पूर्व में घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश को संशोधित करते हुए 22 अप्रैल से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। यह आदेश केवल विद्यार्थियों के लिए ही लागू होगा अर्थात शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश आगामी एक मई से 15 जून तक ही रहेगा।

# दो दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव आज से प्रारंभ, 23 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमत जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी अंतिम तैयारियों को पूरा करने मंदिर समीति जुटी हुई है। श्री खेड़ापति अनुमान मंदिर के पुजारी चन्द्रकिरण तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समीति ने हनुमान जयंती पर दो दिवसीय विविध कार्यक्रमों के बीच हनुमत जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल से हो जाएगी। श्री तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को सुबह से अखण्ड पाठ सैकड़ों हनुमान भक्तों के द्वारा प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर प्रातः 6.00 बजे से पूर्जा अर्चना, प्रातः 7.00 बजे से पाठ, प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 1.00 तक प्रसाद वितरणए प्रातः 10.00 बजे से हनुमान जी का रूद्राभिषेक, दोपहर 12.30 बजे से श्रृंगार एवं जन्मोत्सव आरती, दोपहर 1.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण, सायं 4.00 से विशाल शोभायात्रा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से नगर के प्रमुख मार्गो में निकाली जायेगी। वहीं शोभायात्रा उपरांत भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धर्मनगरी कवर्धा में हनुमान भक्तों में खास उत्साह रहता है और वे हर साल इस अवसर को यादागर मनाने जोरदार तैयारियां करते हैं। इस बार भी मंदिर समिति और हनुमान भक्तों द्वारा कुछ ऐसी ही तैयारियां की जा रही है। इसी तरह कवर्धा के अलावा जिले के अन्य ईलाकों में भी हनुमान जयंती को लेकर तैयारियां की जा रही है।




**कवर्धा।** जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सानिध्य में काशी में आयोजित किया गया दीक्षा कार्यक्रम

## लोकल बाड़ी के साथ दूसरे राज्यों व जिलों से नगर के बाजार में पहुंच रहे मौसमी फल

# भीषण गर्मी में लोगों के बीच बढ़ी रसीले फलों की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लू के गर्म थपेड़े व चिलचिलाती धूप की मार पडऩे के साथ ही लोगों के बीच मौसमी और रसीले फलों की मांग बढऩे लगी है वहीं मांग को देखते हुए मौसमी फलों के दाम भी बढ़ी गर्मी के साथ आसमान छूने लगे हैं। इन दिनो बाजार में गर्मी और लू से बचाने वाले मौसमी फल तरबूज, खरबूज, ककड़ी, अंगूर, संतरा सहित अन्य मौसमी फलों की अच्छी आवक बनी हुई है।

माना जाता है कि इस तरह के मौसमी फलों के सेवन से मौसमी बिमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। सूर्य की तेज किरणों तथा झुलसा देने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बढ़ी हुई गर्मी से राहत पाने के लिए लोग रहन सहन के साथ-साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। अपने भोजन तथा नास्ते में ऐसे खाद्य पदार्थो का सेवन कर रहे हैं जिसमें प्राकृतिक रूप से भरपूर मात्रा में मिनरल्स, विटामिन तथा शीतलता मौजूद रहे। इस मौसम में इन सभी गुणों से भरपूर फल तरबूज, खरबूज व ककड़ी है। जिनकी पूछ परख इन दिनों खासी बनी हुई है। नगर के गलियों तथा चौक चौराहों में आसानी से मिलने वाले ये फल गर्मी में शीतलता तो प्रदान करते ही हैं साथ ही ये अपने प्राकृतिक गुणों के कारण मानव शरीर में ताजगी व ऊर्जा बनाए रखते हैं।

इन्हीं विशेषताओं के कारण इन फलों को समाज के सभी वर्गो के द्वारा खासा पसंद किया जाता है। नदी के कछारों में फलने-फूलने वाले इन फलों को सिमगा, राजिम, बिलासपुर, मंडला तथा गंगातट इलाहाबाद से मंगाया जाता है। नगर में तरबूज की कीमत 25 रूपए किलो है। खरबूज भी इस समय 40 रूपए प्रतिकिलो बिक रहा है।

वहीं ककड़ी 30 रूपए प्रतिकिलो बिक रही है। इसके साथ बाजार में अंगूर की भी अच्छी आवक देखी जा रही है जो करीब 100 रूपए प्रति किलो के भाव से खूब बिक रहा है। लेकिन दूसरी तरफ अनार, सेव फल आम जैसे फलों के दाम डेढ़ सौ रूपए प्रति किलो के पार पहुंच गए है। फिर भी लोग इन रसीले और मौसमी फलों का उपयोग कर इस भीषण गर्मी के दौर में राहत पाने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

# श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने काशी में शंकराचार्य से ली दंड दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छोटी काशी के नाम से अलंकृत कवर्धा का परचम सनातन धर्म संस्कृति आध्यात्म में एक बार फिर स्वर्ण अक्षरों से अंकित हुआ है क्योंकि इस क्षेत्र से पहली बार किसी ने सन्यास दण्ड की दीक्षा ग्रहण करने के बाद अब दंड दीक्षा ग्रहण की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल 2010 हरिद्वार कुंभ में ब्रम्हचर्य दीक्षा ग्रहण करने वाले कबीरधाम जिले के ग्राम बिरनपुर कला निवासी पूर्व नाम प्रभात शुक्ला पिता भरत शुक्ला, माता श्रीमती उर्वशी ने दंड दीक्षा ग्रहण की है। उन्हें यह दीक्षा जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में दी है। पूर्व में दीक्षा लेने के बाद प्रभात शुक्ला को नए नाम दण्डी स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज से अलंकृत किया गया है। जानकारी के मुताबिक जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इनके अलावा अन्य तीन और शिष्यों को ब्रम्हचर्य दीक्षा दी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का जन्म पौष कृष्ण पक्ष दशमी तिथि वर्ष 1979 को ग्राम घानाघाट तहहसील थाना लोरमी जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ में हुआ था। इन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम बिरनपुर कला में, पूर्व माध्यमिक शिक्षा ग्राम उड़िया कला में तथा माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा महाविद्यालयीन शिक्षा स. लोहारा से प्राप्त की है। वर्तमान में श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज बेमेतरा के ग्राम सलधा शिवगंगा आश्रम में एशिया के सबसे बड़े शिव मंदिर सपाद लक्षेश्वर धाम मंदिर के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं जिसमें एक साथ सवा लाख शिवलिंग के दर्शन होंगे।